"डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति प्रतियोगिता 2024 में देवसंघ नेशनल स्कूल के छात्र को जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ"

दिनांक ०३-१२-२०२४ को स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के युग्म बैनर तले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर भारत के कई स्थानों में उनकी स्मृति में रंगभरो एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में **देवसंघ नेशनल स्कूल के कक्षा ९ के शौर्य कश्यप को जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ** तथा उनकी प्रविष्टि को राज्य स्तरीय चयन के लिए प्रेषित की गई है। सभी विजेताओं को 27 दिसंबर 2024को दीनबंधु उच्च विद्यालय स्थित स्वींद्र सभागार में मुख्य अतिथि ममता पाढी, वेक्सो इंडिया के सरक्षक प्रो. रामनदन सिंह, केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव व अन्य अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत किया गया।



विवेक वार्ता | डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती | 13 दिसंबर 2024

डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति प्रतियोगिता के आठ प्रतिभागियों की प्रविष्टियाँ राज्य स्तरीय चयन के लिए प्रेषित

देवघर। पिछले दिन स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के युग्म बैनर तले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर भारत के कई स्थानों में उनकी स्मृति में रंगभरो एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। ग्रुप बी (वर्ग तृतीय से षष्ठ) रंगभरो प्रतियोगिता में देवघर जिला से जसीडीह संत फ्रांसिस स्कूल की अदिति कुमारी एवं वैदिका राठौर को क्रमशः प्रथम व द्वितीय जबकि मधुपुर की रजिया खातून को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रतियोगिता के ग्रुप सी (वर्ग सप्तम से दशम) में रामेश्वर लाल सर्राफ उच्च विद्यालय के फजल आलम को प्रथम, देवसंघ नेशनल स्कूल के शौर्य कश्यप को द्वितीय, आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय, रोहिणी की वर्षा राउत को तृतीय जबकि इसी विद्यालय की रीतिका कुमारी एवं साक्षी कुमारी की प्रस्तुति को भी सराहा गया। इसी ग्रुप के निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में दुमका जिला से सैक्रेड हार्ट स्कूल के सौम्य सौर्य को प्रथम, शिकारीपाड़ा के रंजन कुमार एवं मुनमुन कुमारी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इनमें से अदिति, वैदिका, फजल, शौर्य, वर्षा, रीतिका, साक्षी एवं सौम्य की प्रविष्टियों को राज्य स्तरीय चयन के लिए प्रेषित की गई है। सभी विजेताओं को 27 दिसंबर को दीनबंधु उच्च विद्यालय स्थित रवींद्र सभागार में मुख्य अतिथि ममता पाढी, वेक्सो इंडिया के संरक्षक प्रो. रामनंदन सिंह, केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव व अन्य अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत किया जाएगा।